अभ्यास प्रश्न पत्र द्वितीय सत्र (2021-22)
कक्षा- ग्यारहवीं
विषय- हिंदी (ऐच्छिक), विषय कोड-002

निर्धारित समय 2 घंटे **पूर्णांक 40**

सामान्य निर्देश :---
1. निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए ।
2. इस प्रश्न पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।
3. इस प्रश्न पत्र में कुल 9 प्रश्न पूछे गए हैं तथा यह दो खंडों में विभाजित है।
4. प्रश्नों में अतिरिक्त विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

खंड (क)
(कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन)

प्रश्न (1) निम्नलिखित दिए गए दो शीर्षकों में से **किसी एक** शीर्षक पर लगभग **150** शब्दों में दृश्य लिखिए। **(1x4=4अंक)**

साप्ताहिक बाजार का दृश्य

अथवा

वैवाहिक समारोह में विदाई का दृश्य

प्रश्न (2) दिल्ली विद्युत बोर्ड में कंप्यूटर ऑपरेटर के कुछ पद रिक्त हैं। अपनी योग्यताओं का उल्लेख करते हुए इस पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखें ।

अथवा

ऑनलाइन शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों की घटती शारीरिक गतिविधियों की समस्या पर चिंता प्रकट करते हुए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखिए । **(1x4 = 4 अंक)**

प्रश्न (3) (क) महिलाओं पर होने वाले घरेलू उत्पीड़न से संबंधित जाँच समिति का प्रतिवेदन लिखिए । **(1x3=3 अंक)**

अथवा

21 फरवरी, 2022 को विद्यालय में 'मातृभाषा दिवस' मनाने हेतु आयोजित बैठक में जिन विषयों पर चर्चा हुई और जो निर्णय लिए गए उन का कार्यवृत्त तैयार कीजिए ।

(ख) परिपत्र या सर्कुलर क्या होता है? **(1x2 = 2 अंक)**

अथवा

आनुषांगिक टिप्पणी से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न (4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(2x2 = 4 अंक)**

(क) एक अच्छे प्रतिवेदन को लिखने के लिए ध्यान रखने योग्य किन्हीं चार बातों का उल्लेख कीजिए ।
(ख) पटकथा लेखन में कंप्यूटर की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।

खंड (ख)
(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न (5) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर **50-60** शब्दों में लिखिए। **(3+3 = 6 अंक)**

(क) "रिश्ते हैं लेकिन खुलते नहीं"- कवि के सामने ऐसी कौन सी विवशता है जिससे आपसी रिश्ते भी नहीं खुलते?
(ख) 'तरल तरुण कस्तूरी मृग को अपने पर चिढ़ते देखा है बादल को घिरते देखा है ---इस पंक्ति में निहित आशय स्पष्ट कीजिए ।
(ग) 'जाग तुझको दूर जाना' कविता में 'अमरता- सुत' का संबोधन किसके लिए और क्यों आया है?

प्रश्न (6) निम्नलिखित में से किसी **एक प्रश्न** का उत्तर लगभग **30 से 40** शब्दों में दीजिए। **(1 x 2 = 2 अंक)**

(क) 'सब आँखों के आँसू उजले' विशेषण का प्रयोग महादेव वर्मा ने किस संदर्भ में किया है और क्यों?

अथवा

(ख) कुबेर और कालिदास के मेघदूत का आपस में क्या संबंध है? 'बादल को घिरते देखा है' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न (7) निम्नलिखित में से किन्ही **दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **50 से 60** शब्दों में दीजिए । **(3+3=6अंक)**

(क) ज्योतिबा फुले का नाम समाज सुधारकों की सूची में शुमार क्यों नहीं किया गया? तर्क सहित उत्तर लिखिए।
(ख) 'चल! ये लोग म्हारा घर ना बणने देंगे।' सुकिया के इस कथन के आधार पर 'खानाबदोश' कहानी की पूरी संवेदना स्पष्ट कीजिए।
(ग) 'मनुष्य की करुणा की भावना उसके भीतर गूँगेपन की प्रतिच्छाया है' कहानी के इस कथन को वर्तमान सामाजिक परिवेश के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न (8) निम्नलिखित में से किसी **एक प्रश्न** का उत्तर लगभग **30 से 40** शब्दों में दीजिए। **(1 x 2 = 2अंक)**

(क) असगर ठेकेदार के साथ जसदेव को आता देखकर सूबे सिंह क्यों बिफर पड़ा और जसदेव को मारने का क्या कारण था?
(ख) कहानी का शीर्षक 'गूँगे' है, जबकि कहानी में एक ही गूँगा पात्र है। इसके माध्यम से लेखक ने समाज की किस प्रवृत्ति की ओर संकेत किया है?

प्रश्न (9) (क) निम्नलिखित में से किसी **एक प्रश्न** का उत्तर लगभग **15 से 20** शब्दों में दीजिए। **(1x1 = 1 अंक)**

(1) मकबूल का अपने परिवार में किस से सबसे ज्यादा लगाव था ?

अथवा

(2) शरत् और उसके पिता मोतीलाल के स्वभाव की कोई एक समानता लिखिए।

(ख) निम्नलिखित में से किन्ही **दो प्रश्नों** के उत्तर **50-60** शब्दों में दीजिए| **(3+3=6अंक)**

(1) मकबूल के बचपन की किसी एक शरारतपूर्ण घटना का वर्णन कीजिए ।
(2) 'आवारा मसीहा' पाठ के आधार पर बताइए कि उस समय के और वर्तमान समय के पढ़ने लिखने के तौर तरीकों में क्या अंतर है? आप पढ़ने लिखने के कौन से तौर-तरीकों के पक्ष में है और क्यों?
(3) कला के प्रति लोगों का नजरिया पहले कैसा था? उसमें अब क्या बदलाव आया है?